जैक्वार ने कोरियाई कंपनी की हिस्सेदारी ली

नल, वॉश बेसिन जैसे सामान बनाने वाले जैक्वार समूह ने 12 लाख डॉलर निवेश कर दक्षिण कोरिया की जॉयफॉरलाइफ में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। जैक्वार ने लक्जरी शावर बनाने वाली जॉयफॉरलाइफ में 51 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। कंपनी के अनुसार इस अधिग्रहण से दक्षिण कोरिया तथा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में विस्तार में मदद मिलेगी। जैक्वार समूह के निदेशक तथा प्रवर्तक राजेश मेहरा ने कहा, 'इससे हमारी तकनीकी ताकत मजबूत होगी और दूसरा जॉयफॉरलाइफ सुदूरपूर्व क्षेत्र में आक्रमक तरीके से काम कर रही है, ऐसे में हमें संभावना वाले दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र तक पहुंचने में मदद मिलेगी।' *भाषा*